# रिटायर फौजी ने बरसाई गोलियां, दामाद की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के डंगस चौराहे पर बुधवार सुबह रेत के फड़ को लेकर चल रहा पुराना विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। विवाद

**ससुर गंभीर, महाराजपुरा के डंगस चौराहे की वारदात, आरोपी गिरफ्तार**

के दौरान सेना से सेवानिवृत्त एक फौजी ने अपने भतीजे के साथ मिलकर विरोधी पक्ष पर पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस सनसनीखेज वारदात में गोली लगने से एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद से ही इलाके में भारी तनाव है और पुलिस की कई टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।





**पिस्टल से किया अंधाधुंध फायर-** विवाद इतना गहराया कि गुस्से में आकर गर्म मिजाज फौजी विष्णु दुबे ने अपनी पिस्टल निकाल ली और सत्यभान व भोला गुर्जर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियां लगते ही दोनों युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फौजी और उसका भतीजा अपनी गाड़ी में सवार होकर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

फायरिंग की आवाज से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही महाराजपुरा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अपोलो अस्पताल भिजवाया, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने के कारण भोला गुर्जर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर एहतियात के तौर पर अपोलो हॉस्पिटल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

### फड़ के मालिकाना हक को लेकर जांच जारी

पुलिस के अनुसार, मृतक पक्ष मूल रूप से अटेर क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि आरोपी मेहगांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि रेत का यह फड़ मृतक पक्ष का था, जिसे लेकर दोनों पक्षों में कई दिनों से कलह चल रही थी। हालांकि फड़ के पूर्णत: वैध या अवैध होने और विवाद की असली वजह को लेकर पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी विष्णु दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

**बातचीत के दौरान गहराया विवाद**

जानकारी के अनुसार डंगस चौराहा स्थित कब्रिस्तान के सामने लंबे समय से रेत का फड़ संचालित हो रहा है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे सेवानिवृत्त फौजी विष्णु दुबे अपने भतीजे के साथ गाड़ी से फड़ पर पहुंचा। वहां पहले से मौजूद सत्यभान गुर्जर और भोला गुर्जर से उसकी किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विष्णु दुबे ने वहां से गिट्टी हटाने को कहा, जिस पर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया।

# एक्सीडेंट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** शहर के जयारोग्य अस्पताल के ट्रामा सेंटर में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक 70 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल के

**परिजनों ने जेएएच ट्रामा सेंटर में काटा हंगामा, डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप**

डॉक्टरों और स्टाफ पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि चार दिनों तक भर्ती रहने के बावजूद किसी भी सीनियर डॉक्टर ने मरीज को देखना तक मुनासिब नहीं समझा।

**4 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा बुजुर्ग-** प्राप्त जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय ओमप्रकाश पिछले दिनों एक



सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए जयारोग्य अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। पिछले चार दिनों से उनका उपचार चल रहा था, लेकिन डॉक्टरों की कथित अनदेखी के कारण उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई और अंतत: उन्होंने दम तोड़ दिया।

**ट्रामा सेंटर में हंगामे के आसार, पुलिस बल सतर्क**

बुजुर्ग की मौत और परिजनों के आक्रोश को देखते हुए ट्रामा सेंटर में हंगामे के आसार बने हुए हैं। पीड़ित परिवार अस्पताल प्रबंधन और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। स्थिति को भांपते हुए अस्पताल प्रशासन और स्थानीय पुलिस भी सतर्क हो गई है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।

**'किसी सीनियर डॉक्टर ने शक्ल तक नहीं देखी' - बिलख पड़ा बेटा**

वृद्ध की मौत के बाद अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे बेटे फूलसिंह ने रोते हुए डॉक्टरों पर आरोप लगाए। भावुक होते हुए फूलसिंह ने बताया: 'मेरे पिताजी चार दिन से यहाँ भर्ती थे, लेकिन इस पूरे दौरान कोई भी सीनियर डॉक्टर उन्हें देखने नहीं आया। जूनियर डॉक्टरों के भरोसे इलाज चल रहा था। हमने बार-बार गुहार लगाई, लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हुई। यह पूरी तरह से डॉक्टरों की लापरवाही है, जिसके कारण मेरे पिता की जान गई है।'

# नौतपा में कांग्रेस ने शुरू कराई शीतल जल प्याऊ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों और राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा गाड़वे की गोठ चौराहा पर नि:शुल्क शीतल जल प्याऊ की शुरुआत की गई। पूर्व विधायक प्रवीण पाठक की मंशा के अनुरूप कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भैयालाल भटनागर द्वारा शुरू कराए गए इस सेवाकार्य का शुभारंभ बुधवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने किया।

प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर राहगीरों और स्थानीय लोगों को मीठे शरबत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी में लोगों ने इस पहल की सराहना की। आयोजन स्थल पर टेंट लगाकर छांव की व्यवस्था की गई है, वहीं लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां भी रखी गई हैं ताकि राहगीरों को धूप से राहत



मिल सके। अब यहां प्रतिदिन नि:शुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया जाएगा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि नौतपा के दौरान तापमान लगातार बढ़ रहा है और ऐसे समय में समाजसेवा सबसे बड़ा धर्म है। कांग्रेस हमेशा आमजन के सुख-दुख में साथ खड़ी रही है। जिला उपाध्यक्ष भैयालाल भटनागर ने कहा कि पूर्व विधायक प्रवीण पाठक की सोच हमेशा जनसेवा और आमजन को राहत पहुंचाने की रही है। इसी भावना के तहत यह प्याऊ शुरू कराया गया है ताकि राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। इस अवसर पर संगठन महासचिव इब्राहिम पठान, एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र जैन, श्याम गुप्ता, दिनेश पट्टू पांडे मेहबूब खां चैनवाले, इंजी. विजय शर्मा, संजय फड़तरे, कैलाश चावला, हरी जाटव, श्याम श्रीवास्तव, मोनू सोलंकी, कपिल पाल, बुन्दू खान, असलम शेर खान, अंसार खान, हितेश गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## सीवर की मेन एवं अमृत की लाइनों की सफाई के दिए निर्देश

**ग्वालियर 27 मई।** शहर में सीवर समस्या के निदान के लिए निगम आयुक्त ने कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्देश दिए हैं कि सभी शहर की मेन लाइनों एवं अमृत योजना के तहत डाली गई सभी लाइनों की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए। इसके साथ कार्यपालन यंत्री ही टूटे हुए चेंबरों के कवर, पाइप बदलने के लिए टेंडर स्वीकृत कराएं। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सीवर संधारण कार्य को लेकर पीएचई अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन 94 स्थानों पर सीवर समस्या है वहां पर जून तक सभी कार्य पूर्ण कर समस्याओं का निदान करें। इसके साथ ही जो नाले सीवर चैंबर में मिल रहे हैं, उनकी सूची जनकार्य को बता कर दें, जिससे नालों का मिलान कराकर उन्हें रोका जा सके। साथ ही सभी नालों में जाली लगाई जाए.

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** शहर सहित प्रदेशभर के संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रांतीय आह्वान पर

**मांगें न मानने पर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

जिले के समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी अधिकारी व कर्मचारी हाथों और बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी जायज मांगें पूरी नहीं कीं, तो 2 जून से पूरे मध्य प्रदेश के संविदा



स्वास्थ्य कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं को ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं, लेकिन लंबे समय से सरकार द्वारा उनकी जायज मांगों की उपेक्षा की जा रही है। अपनी सेवा शर्तों में सुधार और सुरक्षित भविष्य को लेकर कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। इसी के विरोध में अब प्रदेशव्यापी आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा है।

**2 जून से चरमरा सकती हैं स्वास्थ्य सेवाएं**

संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है ताकि मरीजों और स्वास्थ्य सेवाओं को कोई परेशानी न हो। इसके बावजूद यदि शासन-प्रशासन की नींद नहीं खुलती है, तो आगामी 2 जून से संपूर्ण मध्य प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक रूप से काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यदि ऐसा होता है, तो ग्रामीण से लेकर जिला स्तरीय अस्पतालों की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं।

# निगमायुक्त ने की विद्युत विभाग की समीक्षा, बंद स्ट्रीट लाइटों पर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए एनर्जी ऑडिट, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य बिंदुओं को लेकर समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगम आयुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर, सहायक यंत्री अभिलाषा बघेल, रामबाबू दिनकर, स्मार्ट सिटी से सुबोध खरे सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने एनर्जी ऑडिट की समीक्षा करते हुए एच टी कनेक्शन एवं एल टी कनेक्शन की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि अभी 1800 एलटी कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लग गए हैं, इनके पिछले बिल और वर्तमान बिल की जानकारी तैयार करें कि बिल में कितनी बचत हुई है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि एमपीईबी को पत्र लिखे कि बिना आयुक्त या अपर आयुक्त के अनुमोदन के कोई नवीन कनेक्शन नहीं दिया जाए।

इसके साथ ही नलकूपों के 140 अनुपयोगी विद्युत कनेक्शन काटने पर की गई कार्रवाई को लेकर जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि 71 कनेक्शन कट



गये है, शेष नहीं कटने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बाकी जो कनेक्शन नहीं कटे हैं, उनकी सूची दें और सूची वाले जो कनेक्शन की आवश्यकता है उनके नाम अलग से दें। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट एवं अन्य कनेक्शन में वास्तविक खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है तो एमपीईबी को पत्र लिखवायें।

इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी भी अनेक स्थानों पर लाइट बंद हैं, इसकी संबंधित इंजीनियर लगातार मॉनिटरिंग करें तथा सुनिश्चित करें कि कहीं भी लाइट बंद न रहे। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट को लेकर एक जानकारी तैयार करके दें, कि कितनी लाइटें आई हैं तथा उनमें से कितनी लाइटें लग गई हैं इन सभी की जियो टैग फोटो भी चाहिए। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट संधारण की सामग्री जैसे ड्राइवर, एसपीडी सहित अन्य सामग्री का कितना उपयोग हुआ है। इसकी जानकारी बनाकर दें। इसके साथ ही यदि एसपीडी का उपयोग नहीं हो रहा है तो जो एसपीडी बची हुई हैं उन्हें वापिस करें। वहीं नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि कहीं भी लाइटें बंद न रहें।

# जून में होगा कैट की नई टीम का गठन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर द्वारा नवीन टीम 2026-28 का गठन जून माह में कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि अब 16 अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यसमिति का गठन हुआ। जिसमें ग्वालियर से भूपेन्द्र जैन राष्ट्रीय संगठन मंत्री, रीना गांधी महिला विंग की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनीं। तत्पश्चात प्रदेश एवं जिला स्तर की कमेटियों का गठन हो रहा है। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने बताया कि ग्वालियर में जिला संयोजक दिलीप पंजवानी के नेतृत्व में 19 सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो नई टीम में कार्य करने के इच्छुक कोर सदस्यों के नाम एकत्रित करेंगे। तत्पश्चात समिति उन नामों पर विचार करेगी एवं जून माह में कोर सदस्यों की बैठक में नई टीम का गठन किया जायेगा। जैन ने

**19 सदस्यीय संस्थापक सदस्यों की कमेटी बनी, 30 मई तक कोर सदस्यों से नाम आमंत्रित**

बताया कि कैट का गठन राष्ट्रीय स्तर पर मिले निर्देशों के अनुसार मनोनयन द्वारा किया जाता है। ग्वालियर में 15 सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने कैट की स्थापना की एवं 4 सदस्य जो कि बाद में शामिल किये उन्हें मिलाकर 19 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। अभी तक लगभग 17 नाम कमेटी को प्राप्त हुए, जबकि अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन प्रथम चरण में होगा। शेष पदाधिकारियों का चर्चा कर चयन कमेटी और अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष मिलकर करेंगे। साथ ही संभागीय टीम का गठन अगले चरण में किया जायेगा।कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने बताया कि ग्वालियर में कैट महिला विंग, कैट यूथ विंग का गठन संपन्न हो चुका है, जिसमें यूथ विंग में अंशुल गुप्ता एवं कैट महिला विंग प्रभारी निरुपमा मालपानी के नेतृत्व में दोनों इकाइयां कार्य कर रही हैं। जून माह में कैट ग्वालियर की नई टीम का गठन भी कर लिया जायेगा।

## आज 6 जरूरतमंद महिलायें बनेंगीं 'शक्ति दीदी'

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** ग्वालियर जिले में गुरुवार 28 मई को 6 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी बनेंगीं। जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर रुचिका चौहान की पहल पर हुए 'शक्ति दीदी' नवाचार के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस नवाचार के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की नौकरी दिलाई जा रही है। जिले में वर्तमान में शक्ति दीदी के तहत पहले से ही जिले में 112 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं।

कलेक्टर रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी 28 मई को विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को 'शक्ति दीदी' के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे।

कलेक्टर चौहान प्रात: लगभग 11.45 बजे रेसकोर्स रोड स्थित सैनिक फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर गायत्री को शक्ति दीदी बनायेंगीं। इसके बाद रेसकोर्स रोड पर ही केसर फिलिंग स्टेशन पहुँचकर प्रवीणा को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपेंगीं।

# नगर निगम ने दिन में बनाई नई सड़क, पिता-पुत्र ने रात में जेसीबी से खोद डाली, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में डाली गई नई सड़क को रात के समय जेसीबी की मदद से पिता एवं पुत्र ने खोद दी। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना नगर निगम के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी ने पुलिस में शासकीय कार्य में बाधा डालने का ग्वालियर थाने में मामला दर्ज कराया है।

वार्ड क्रमांक 11 स्थित कबीर पार्क के सामने प्रसाद नर्सिंग होम वाली गली गोसपुरा नंबर 2 में



काफी समय से क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण नगर निगम द्वारा मंगलवार को कराया गया था। निर्माण कार्य के दौरान सड़क डालने से डालचंद्र कुशवाह एवं उसके पिता भागीरथ कुशवाह निवासी वार्ड क्रमांक 11 स्थित कबीर पार्क के सामने प्रसाद नर्सिंग होम वाली गली गोसपुरा नंबर 2 ने निगम के कर्मचारियों एवं ठेकेदार को रोका। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने पिता-पुत्र को समझाया जिसके बाद उन्होंने सड़क डालने दी। सडक का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद नगर निगम का अमला वापस लौट आया। रात करीब 10 बजे डालचंद्र कुशवाह एवं उसके पिता भागीरथ कुशवाहा ने जेसीबी की मदद से नई डाली गई सड़क को 20 से 25 मीटर खोद दी। सूचना मिलने पर कर्मचारी शिवप्रताप एवं समीर सिंह तोमर मौके पर पहुंचे तो उन्हें वहां पर डालचंद्र कुशवाह एवं उसके पिता भागीरथ कुशवाह ने जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की सूचना कर्मचारियों ने नगर निगम के क्षेत्राधिकारी रामू सिंह को दी। क्षेत्राधिकारी ने डालचंद्र कुशवाह एवं उसके पिता भागीरथ कुशवाह के खिलाफ ग्वालियर थाने में शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कराया है।

## बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करेगी महिला कांग्रेस

**ग्वालियर 27 मई।** कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर महिला कांग्रेस अध्यक्षा मीनू परिहार की अध्यक्षता एवं महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी शांति कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देशानुसार किया गया। महिला कांग्रेस बैठक में महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत महिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# पं. नेहरू को 62वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने कंपू स्थित नेहरू उद्यान में स्थापित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेहरू ने भारत की आजादी के आंदोलन में स्वाधीनता संग्राम के महान नायक पं. मोतीलाल नेहरू के परिवार मे जन्म लिया। पं. जवाहर लाल नेहरू ने स्वाधीनता आंदोलन में अंग्रेजों से भारत को आजाद कराने में अलग-अलग समय पर अपने जीवन के लगभग 9 वर्ष जेल में बिताए और आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश को एक महान लोकतंत्र दिया। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में एक सशक्त संविधान बनाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के विकास के लिये ऐसी पंचवर्षीय योजना बनाई जिससे आज भारत विश्व के विकास शिखर की श्रेणी में अपने स्थान बना चुका है।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, सजय सिंह राठौर, इब्रहिम पठान, चतुर्भुज धनोलिया, देवेन्द्र चौहान, योगेन्द्र सिंह नोनैरा, अशोक सिकरवार, रामबाबू श्रीवास, हरेन्द्र गुर्जर, दर्शन मिश्रा, रामनरेश परमार, ओमप्रकाश राजपूत, पिंकी पंडित, विजय सिंह कुशवाह, पूरन सिंह कुशवाह, दिनेश पांडे पट्टू, रमेश भारती, महेश मधुरिया, मिथलेश यादव, शंकर गाबरा, तरूण यादव, भूपेन्द्र तौमर मिक्की, चैन सिंह राजपूत एड, आसिफ उस्मानी, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, अंसार खान, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# डिजिटल, पारदर्शी और सरल हुई नामांतरण प्रक्रिया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मई.** सुशासन, प्रशासनिक पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने

**ग्वालियर जिले में भी साइबर तहसील 2.0 के माध्यम से किए जा रहे हैं नामांतरण**

की दिशा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में राज्य शासन द्वारा लागू की गई 'साइबर तहसील 2.0' पहल राजस्व प्रणाली में ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन का माध्यम बनी है। ग्वालियर जिले में भी भूमि नामांतरण प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। साथ ही इस व्यवस्था से नागरिक सुविधाओं को अधिक सहज और प्रभावी बनाया गया है।

राज्य सरकार ने साइबर तहसील व्यवस्था की शुरुआत 'साइबर तहसील 1.0' के रूप में की थी। इसके अंतर्गत प्रारंभिक चरण में पूर्ण खसरा से संबंधित नामांतरण प्रकरणों को शामिल किया गया था। रजिस्ट्री के बाद पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित होती थी और मैन्युअल हस्तक्षेप को न्यूनतम रखा गया था। इस व्यवस्था की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका दायरा बढ़ाते हुए 'साइबर तहसील 2.0' लागू की। इसमें अब आंशिक खसरा, अर्थात भूमि के किसी हिस्से की बिक्री से संबंधित नामांतरण प्रकरणों को भी केन्द्रीकृत डिजिटल प्रणाली में शामिल किया गया है। आंशिक खसरा से जुड़े मामले तकनीकी रूप से अधिक जटिल माने जाते हैं, क्योंकि इनमें भूमि के हिस्से का सीमांकन, रिकॉर्ड संशोधन और संबंधित जानकारी का सटीक अद्यतन आवश्यक होता है। 'साइबर तहसील 2.0' ने इस चुनौती का समाधान डिजिटल तकनीक से किया है। इससे राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95